पत्र संख्या–पुर०–01/2025 892 /रा०

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)
**फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन,**
**छज्जूबाग, पटना–800001, मो० नं. 9472270215**
**E-mail- rajbhasha@bihar.gov.in**

**प्रेषक,**

**एस० एम० परवेज़ आलम,**
निदेशक।

**सेवा में,**

**सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/प्रमंडलीय आयुक्त/ विभागाध्यक्ष ।**

..........................................................................

पटना, दिनांक- 25.9.25

**विषयः-** **सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना 2025–26 के अधीन सचिवालय स्तरीय पदाधिकारियों / कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की योजना।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को प्रशस्त करने के लिए बिहार सरकार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) द्वारा 'सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना' संचालित है। इस योजना के अधीन सचिवालय स्तर पर सभी विभागों के पदाधिकारियों/कर्मचारियों को सरकारी कामकाज में उत्कृष्ट हिन्दी लेखन के लिए प्रति पदा०/कर्म० 10,000/– (दस हजार) रुपये की दर से पुरस्कार स्वीकृत हैं।

सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के कार्यान्वयन हेतु स्वीकृत आलेख (छायाप्रति संलग्न) में अंकित निदेश के आलोक में राज्य सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/प्रमंडलीय आयुक्त/विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित अधिकतम तीन पदाधिकारियों/कर्मचारियों की प्रविष्टियों में से एक को यह पुरस्कार देय है।

अतः अनुरोध है कि इस योजना की जानकारी सभी सम्बद्ध पदाधिकारियों/कर्मचारियों को दी जाय तथा प्राप्त प्रविष्टियाँ (मोबाईल नम्बर सहित) दिनांक–31.10.2025 तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। इस योजना के अधीन पूर्व में पुरस्कृत पदाधिकारियों/कर्मचारियों की टिप्पणियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**विश्वासभाजन**

( एस० एम० परवेज़ आलम )
निदेशक

D:\VIVEK\2025\Durgawati Ji Puraskar 2\2024-25\.doc

दुर्गा

बिहार सरकार
**मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)**
फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन, छज्जूबाग
पटना–800001, मो० नं. 9472270215
E-mail- rajbhasha@bihar.gov.in

# सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना

## 2025–26

सरकारी काम–काज में राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट प्रयोग के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) द्वारा सरकारी सेवक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित है। इस योजनान्तर्गत तीन कोटियों के पुरस्कार निम्नवत् देय हैः–

| क्र. सं. | पुरस्कार की कोटि | पुरस्कारों की कुल संख्या | प्रति पुरस्कार की राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला स्तर पर न्यायिक पदाधिकारियों के लिए (प्रत्येक जिला के लिए एक) | 38 | 10,000 | 380000 |
| 2 | जिला स्तर पर पदा0/कर्म0 के लिए (प्रत्येक जिला के लिए एक) | 38 | 10,000 | 380000 |
| 3 | सचिवालय स्तर पर पदा0/कर्म0 के लिए (प्रत्येक विभाग के लिए एक) | 44 | 10,000 | 440000 |
| | | | कुल | 12,00,000 |

उपर्युक्त तीनों कोटियों के पुरस्कारों के लिए निर्धारित मानदण्ड एवं प्रक्रिया संबंधी आलेख की छायाप्रति राज्य के संबंधित सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सभी जिलाधिकारी एवं सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/प्रमंडलीय आयुक्त/विभागाध्यक्ष को भेजी जाती है। इस पुरस्कार प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक जिला स्तर पर न्यायिक पदाधिकारी, जिला स्तर पर पदा0/कर्म0 एवं सचिवालय स्तर पर पदा0/कर्म0 निर्धारित मानदण्ड एवं प्रक्रिया के अन्तर्गत अपनी प्रविष्टियाँ (अपने मोबाईल नं० के साथ) निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा), फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन, छज्जूबाग पटना–800001 को निर्धारित तिथि 31.10.2025 तक अपने विभाग के माध्यम से भेज सकते हैं।

**( एस० एम० परवेज आलम )**
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)

दुर्गा

D:\VIVEK 2025\Durgawati Ji\Sarkari Sewak Puraskar 2025-26-04-09-2025.doc